## पत्नी के फोन पर बात करने से नाराज पति ने कुएं में लगाई छलांग

### पुलिस ने ग्रामीणों की मद्द से निकाला बाहर,पारिवारिक विवाद बना इस आत्मघाति का कदम का कारण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पत्नि के फोन पर बात करने और उसके लगातार मायके में रहने से नाराज एक 25 वर्षीय युवक ने कुआ में कूदकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सका, क्योंकि जिस कुंआ में उसने छलांग लगाई, उसमें पानी नहीं था, लेकिन इस घटना में उसके पैरों में गंभीर चोटे आई, जिसके चलते ग्रामीणों द्वारा उसे उपचार के लिए अस्पताल में



भर्ती कराया गया है।

दरअसल मामला जिले के ईसागढ़ के एक गांव का है, जहां शनिवार रात्रि एक 25 वर्षीय युवक ने पत्नी से विवाद के बाद 35 फीट गहरे कुएं में छलांग लगा दी। इस चैन की बात यह रही कि जिस समय युवक कुआ में कूदा उसे ग्रामीण ने देख लिया, तो वहीं कुआ में पानी न होने की बजह से ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मद्द से चारपाई की मद्द से उसे कुआ से बाहर निकाला। वहीं घटना में घायल होने के बाद उसे प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईसागढ़ में भर्ती कराया गया है।

**आत्मघाति निर्णय का पारिवारिक विवाद बना कारण :**

युवक द्वारा उठाए गए इस आत्मघाति निर्णय को लेकर युवक ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व उसका विवाह पड़ोस में रहने वाली एक युवती से हुआ था। विवाह के बाद अधिकतर समय उसकी पत्नी मायके में ही रहती थी, तो वहीं युवक ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नि लगातार किसी से फोन पर बात करती थी, जिसके बारे में जब उसने पत्नि के परिजनों को बताया, तो विवाद करने लगे, जिसके बाद उसने यह आत्मघाति कदम उठाते हुए कुएं में छलांग लगा दी। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले की जांच कर रहीं है। वहीं युवक का उपचार अस्पताल में जारी है।



## गैस की किल्लत के चलते चूल्हे पर पक रहा भोजन

**करूणा निधि समिति गरीबों को कराती है भोजन**

**समिति को नहीं मिला अभी तक कनेक्शन**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मिडिल इस्ट में चल रहे युद्ध के कारण आम जनजीवन प्रभावित होने लगा और इसका असर गैस की किल्लत के रूप में देखने को मिल रहा। जिसके चलते जहां आम लोग रसोई गैस सिलेंडर के लिए परेशान होते दिख रहे है, तो वहीं गरीब,असहाय और दिव्यांगो को भोजन कराने वाली करूणा निधि समिति भी इस समस्या सेजूझ रहीं है। जिसके चलते समिति द्वारा गरीबों में भोजन वितरण के लिए चूल्हे पर खाना बन वाया जा रहा है।

करुणानिधि सेवा समिति के अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी ने बताया कि उनकी समिति का वर्ष 2016 में रजिस्टर्ड किया था, जिसके चलते वे गरीब असहाय, दिव्यांग ,निशक्तज एवं वृद्ध जनों को सूर्यास्त के बाद निशुल्क भोजन कराती है। भोजन पकाने के लिए उन्हें रसोई गैस सिलेंडर के सिलेंडर की आवश्यकता थी, लेकिन एजेंसी संचालक ने देने से मना कर दिया। कई बार अनुरोध किया गया, लेकिन हर बार कुछ ना कुछ बाजी करके संस्था के नाम गैस कनेक्शन नहीं दिया गया। जिसके बाद संस्था के सदस्य अपने घरों से बारी-बारी से सिलेंडर ले जाकर भोजन पकवा थे, लेकिन अब सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण समिति का भोजन लकड़ी के चूल्हे पर बनाया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि उन्हें उनकी समिति के नाम पर गैस कनेक्शन दिया जावे, जिससे गरीबों का भोजन बंद ना हो।

**12 सौ से 15 सौ में मिल रहा सिलेंडर :**

गैस की किल्लत के चलते कालाबाजारी जोरो पर है, जिसके चलते जरूरतमंद लोगों को सिलेंडर 1200 रूपये से लेकर 1500 रूपये में दिया जा रहा है।

## टीईटी का शिक्षकों ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

### पुनर्विचार याचिका की मांग को लेकर निकाली रैली, प्रदर्शन में विभिन्न शिक्षक संगठन हुए शामिल

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। शिक्षक पात्रता परीक्षा ( TET ) का शिक्षक संगठनों द्वारा विरोध किया जा रहा है। जिसके चलते रविवार को जिले के शिक्षक संगठनों द्वारा एक रैली निकालकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर सुप्रीम कोर्टमें पुनर्विचार याचिका लगाने की मांग की गई।**

दरअसल जिले के शिक्षक विभिन्न शिक्षक संगठनों के बैनर तले तहसील कार्यालय पर एकत्रित हुए और रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां पर अपनी मांग से सबंधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार शंभूसिंह मीना को सौंपा। ज्ञापन के दौरान मध्यप्रदेश




राज्य कर्मचारी संघ एवं समस्त अध्यापक संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम सौंपे ज्ञापन शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) के संबंध में मांग रखी गई है। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश तथा न्यायालय के निर्णय के संदर्भ में प्रदेश के लगभग 3 लाख शिक्षकों में असमंजस और चिंता की स्थिति बनी हुई है। वर्ष 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर TET लागू करना न्यायसंगत नहीं है, क्योंकि उनकी नियुक्ति उस समय की सेवा शर्तों और नियमों के अनुसार हुई थी। संघ ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि RTE act 2009 के लागू होने के बाद ही शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) की व्यवस्था लागू की गई थी। इससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को TET के दायरे में लाना सेवा शर्तों में परिवर्तन के समान है, जो न्यायसंगत नहीं है। वहीं मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं समस्त अध्यापक संगठन ने मांग की है कि प्रदेश सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका (Review Petition) दायर करे, ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा हो सके।

**शिक्षकों में बढ़ेगा अंसतोष :**

ज्ञापन के दौरान संघ राज अध्यापक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ जिला सचिव विष्णु साहू ने कहा कि यदि समय रहते उचित निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश के लाखों शिक्षकों में असंतोष बढ़ेगा। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि यदि मध्य प्रदेश सरकार रिव्यू पोजीशन नहीं लगती है तो राज्य कर्मचारी संघ शिक्षकों के हित में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करेंगे।

### एक नजर में

#### तीन बालिकाओं को किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने अपहृत नाबालिग बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। इसी के चलते जिले के अलग-अलग थानों द्वारा तीन नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब किया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सेहराई थाना अंतर्गतग्राम अचलगढ़ लापता हुई दो सहेलियों को गुना से दस्तयाब किया है। तो वहीं कचनार पुलिस ने एक लापता बालिका को समीपस्थ ग्राम भेंटुआ से दस्तयाब किया है। पुलिस ने दस्तयाब बालिकाओं को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

#### कुल्हाड़ी, हसिया से किया हमला

**अशोकनगर।** नईसराय थाना अंतर्गत ग्राम डुंगासरा में हुए विवाद के बाद गांव के एक व्यक्ति पर उसी गांव के चार लोगों ने हमला कर दिया है। जिसमें वह घायल हो गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अनिल रघुवंशी निवासी डुंगासरा के साथ उसके गांव के ही हिर्देश, छोटूलाल, विट्टू पाल और देवीलाल ने पहले तो गाली-गलौच की और उसके बाद हसिया एवं कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच में लिया है।

#### छैलावाग में पुलिस को मिली अवैध शराब

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अनिल पुत्र पहलवान सिंह निवासी गौशाला छैलावाग खाली खेत में शराब लिये था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तो वहीं पुलिस ने उससे पांच लीटर हाथ भट्टी की शराब जब्त की है।

#### शराब पीते पकड़ाया

**अशोकनगर।** बहादुरपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर एक व्यक्ति को पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक जसनखेड़ निवासी रामसिंह कटारिया मैन रोड़ स्थित पुलिया पर शराब पी रहा था, जिसे पकड़ा गया है।

## मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 46 चिन्हित

**निशुल्क नेत्र शिविर में एक सैंकड़ा ने कराई जांच**

**रोटरी क्लब ने लगाया निशुल्क नेत्र शिविर**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** रोटरी क्लब द्वारा श्री सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय लटेरी के सहयोग से रविवार को नि: शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया गया। जिसमें एक सैंकड़ा से अधिक मरीजों ने आंखो की जांच नेत्र चिकित्सकों द्वारा की गई। तो वहीं तीन दर्जन से अधिक मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

रविवार को आयोजित शिविर में श्री करुणानिधि सेवा समिति का




विशेष सहयोग रहा। तो वहीं सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के डॉ. दीपक एवं शिव गनेश ने 126 मरीजो की जांच की गई एवं 46 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि रोटरी क्लब द्वारा प्रतिमाह के दूसरे रविवार को नेत्र शिविर लगाया जाता है। जहां मरीजों की आंखो से जांच से लेकर उनके ऑपरेशन कराने से लेकर रहने और खाने की व्यवस्था समिति द्वारा की जाती है। शिविर में क्लब के अध्यक्ष अजीत जैन, सचिव अक्षय जैन, रोटेरियन माधव सिंह रघुवंशी, सुधीर गुप्ता, मोहर सिंह, कमल सिंह रघुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्व .राजकुमार ने परिवार की परंपरा का निर्वाहन किया

**श्रद्धांजली कार्यक्रम में बोले केंद्रीय मंत्री सिंधिया**

**हितानंद शर्मा की मां को भी किये श्रद्धासुमन अर्पित**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** क्षेत्रिय सांसद और केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवारे को जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान जहां उन्होंने विभिन्न कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर चर्चा की। तो वहीं चंदेरी के पूर्व विधायक राव राजकुमार सिंह के निधन पर उनके निवास स्थान महुंअन पहुंचे श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही जिले के ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयं




सेवक संघ के मध्यक्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी श्रीमती जनकदुलारी शर्मा के निधन पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

**राव राजकुमार ने जीवन को नियम एवं आधार पर चलकर जिया :**

केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया अपने दौरे के दौरान ग्राम महुअन पहुंचे, जहां चंदेरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह यादव के निधन होने पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय श्री राव राजकुमार सिंह के बारे में अतीत में चर्चा करना बड़ा मुश्किल है। उन्होंने जीवन को नियम एवं आधार पर चलकर जिया है। साथ ही परिवार की परंपरा निर्वहन किया है। उन्होंने जनसेवा और सत्य की पथ पर जनता की सेवा की है। इस मौके पर मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, कलेक्टर साकेत मालवीय, एसपी राजीव कुमार मिश्रा,नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हाईफुलनेस पद्धाति को जीवन का बनाएं हिस्सा : कंवर

**तनाव मुक्ति के लिए मेडीटेशन कार्यशाला**

**जिले के विभिन्न थानों में किया गया आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा के निर्देश पर पुलिस की विभिन्न इकाईयों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य हेतु ध्यान योग (हार्टफुलनेस मेडीटेशन) कार्यशाला का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह



कँवर के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय अशोकनगर स्थित पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में हार्टफुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एएसपी श्री कंवर ने उपस्थित पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर व्यक्ति अपनी कार्यक्षमता, मानसिक शांति एवं सकारात्मकता में वृद्धि कर सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह पद्धति परिवार के सदस्यों, विशेषकर बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। वहीं हार्टफुलनेस ट्रेनर निरीक्षक मनीष सिंह चौहान द्वारा हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति के अंतर्गत प्रतिभागियों को विचारों की शुद्धि (क्लीननेस), शरीर के अंगों की क्रियाशीलता में वृद्धि हेतु सात्विक ऊर्जा का संवहन व संग्रहण, नकारात्मक ऊर्जा का विस्थापन, हृदय का परिमार्जन तथा सात्विक ऊर्जा के विस्तार जैसी योगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रितु चौहान, थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा सहित कंट्रोल रूम स्टाफ, महिला थाना स्टाफ, सीसीटीवी कंट्रोल स्टाफ, थाना देहात स्टाफ उपस्थित रहा। इसके जिले के अलग थानों में भी हार्टफुलनेस मेडीटेशन कार्यशाला का आयोजित की गई।

## रहमानिया मस्जिद में मनाई गई शबे कद्र

**छोटे बच्चों को खिदमत कमेटी ने दिया नजराना**

**मुफ्ति बोले रमजान का तीसरा असरा नर्क मुक्ति का**

**नवभारत न्यूज**

**पिपरई।** रमजान मुबारक पाक माह में मस्जिद रहमानिया में तरावीह कुरआन का पाठ पूरा हुआ। इसके पहले मस्जिद की सजावट की गई। उसके फलस्वरूप शबे कद्र मनाई गई। इस रात लोग पूरी रात जाग कर तन्हा अकेले में अल्लाह की इबादत की और अपने गुनाहों की माफी मांगी। इसके पहले हाफिज अजहर खान जिन्होंने तरावीह पढ़ाई थी। उनको नजराना पेश कर



उनका सम्मान हाजी दोस्त मोहम्मद और बशीर खान मंसूरी ने किया। वहीं खिदमतगार कमेटी मयूर खान अतीक खान सहित छोटे-छोटे बच्चों को मेडल पहना कर उनकी हौंसला अफजाई की गई। इस मौके पर जामा मस्जिद के मुफ्ती मोहम्मद आमिर साहब ने कहा कि रमजान का तीसरा असरा नर्क से मुक्ति का चल रहा है। इसमें रात में की जाने वाली विशेष नमाज के साथ विशेष पुण्य की इवादत की जा रही है। साथ ही तिलावते कुरआन का पाठ किया जा रहा है, मस्जिद के किसी कोने में एकांत में साधना और नमाज के समय समूह में प्रार्थना भी की जा रही हे।

**कार्यक्रम**

**ऐतिहासिक नगरी में शुरू हुआ तीन दिवसीय बैजू बाबरा समारोह**

## चंदेरी का एक-एक पत्थर आज कल की नहीं बल्कि हजारों सालों की कहानी सुनाता है : सिंधिया

**नवभारत न्यूज**


**चंदेरी।** ऐतिहासिक नगदी चंदेरी में उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत एवं कला अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल मध्य प्रदेश शासन संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग के द्वारा आयोजित बैजू बावरा की स्मृति में तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि



के रूप में मौजूद केंद्री मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा किया गया। तो वहीं कार्यक्रम अध्यक्षता धर्मेंद्र सिंह लोधी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार मध्य प्रदेश संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के द्वारा की गई।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहां कि हमारी चंदेरी भारत के एक प्राचीन इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण सम इतिहास के पन्नों में रही है और इस अंचल के इतिहास का एक-एक पत्थर आज की कहानी नहीं, कल की कहानी नहीं, लेकिन हजारों साल की कहानी सुनाता है। इस चंदेरी के साथ एक नाता सिंधिया परिवार का रहा है लेकिन इस चंदेरी की माटी के साथ सिंधिया परिवार का सदैव ही एक हृदय का संबंध रहा है।

वहीं उन्होंने बैजू बावरा समारोह आयोजित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को हृदय सिंधिया ने धन्यवाद दिया और मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्ति किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यस्तरीय साहित्य कला क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने कलाकारों का किया सम्मानित किया गया। तो वहीं लगाई गई प्रदर्शनी का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। इस मौके पर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## मां कर्मा को लगाया खिचढ़ी का भोग

**नवभारत अशोकनगर।** साहू समाज द्वारा मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती हर्षो उल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान श्रीमती सुशीला साहू धर्मशाला स्थित भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी के मंदिर पर साहू समाज के जिलाध्यक्ष पहलवान साहू द्वारा माँ कर्मा देवी की पूजा-अर्चना की गई तथा खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।